जमीन को चिह्नित किया है, जिस पर भविष्य में सोलर प्लांट विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। ये दोनों मिशन कम्पनी और कर्मियों के हित में हैं।

इस वर्ष माइनिंग सरदार (167 पद), सर्वेयर (44 पद) और स्टाफ नर्स (56 पद) यानी कुल 267 पदों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके आलावा विभागीय कैंडिडेट में से पैरामेडिकल स्टाफ में 21 पदों की, माइनिंग सरदार के 30 और सर्वेयर के 08 पदों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त काफी दिनों से लंबित 148 पदों के लिए Ministrial Staff के चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। हमारा मानव संसाधन विकास विभाग भी अनुकरणीय कार्य कर रहा है हमारे कौशल विकास केन्द्रों से परियोजना प्रभावित युवा प्रशिक्षण लेकर रोजगार से जुड़ रहे हैं। इस कोरोना काल में 57 अभ्यर्थियों ने हमारे सहयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार हासिल किया और 71 अभ्यर्थी CIPET - चंद्रपुर और भोपाल के केन्द्रों में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हमारे ये छोटे-छोटे प्रयास लोगों को रोजगार परक बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। सह-अस्तित्व व समेकित विकास की अवधारणा से ही हम उनके जीवन स्तर में सुधार ला कर, नयी परियोजनाओं के संदर्भ में उनका सामाजिक समर्थन प्राप्त कर सकते हैं और देश की ऊर्जा आपूर्ति में उनके सहयोग से आगे बढ़ सकते हैं।

दोस्तों, WCL - कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में ERP को कुशलतापूर्वक लागू करने वाली अग्रणीय कंपनी है। इसी के साथ हमारे प्रणाली विभाग द्वारा भर्तियों में पारदर्शिता लाने के लिए इन हाउस पोर्टल बनाया गया है।

साथियों, मध्य भारत की मुख्य कोयला उत्पादक कंपनी होने के नाते हमें अपने ताप विद्युत केन्द्र के ग्राहकों की कोयले की आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने की ज़िम्मेदारी निभानी है। आने वाले दिनों में उनके विद्युत निर्माण लक्ष्यों में वृद्धि होने के साथ ही हमें कोयला प्रेषण भी बढ़ाना है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के शेष महीनों में हम सभी को एक-जुट होकर कोयला उत्पादन व प्रेषण में ज्यादा से ज्यादा उपलब्धि हासिल करनी होगी। मेरा मानना है कि, मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि मौजूदा संसाधनों एवं अवसरों का अधिकतम लाभ उठाते हुए सफलता की ओर अग्रसर होना है। मुझे गर्व है कि आप सभी सच्ची लगन और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध हैं, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। ऐसा करके ही हम अपने राष्ट्रीय कर्तव्य को निभाने में सफल होंगे।

आज कोरोना वायरस (Corona virus) विश्व भर के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रह-रह कर नए रूप धारण कर रहा है, वर्तमान में ओमिक्रॉन ने सभी को चिंतित कर रखा है। हमारे 11 Vactionation Center हैं I COVID के लिए 10 हॉस्पिटल में 264 बेड हैं। जिसमें बडकुही, कन्हान, JN Hospital नागपुर और राजीव रतन हॉस्पिटल, घुग्घुस में Piped $O_2$ सप्लाई की व्यवस्था है। वेकोलि ने 19 जनवरी, 2022 तक 84,887 लोगों का टीकाकरण कर दिया है और हमारे स्वास्थ्य विभाग की टीम इसमें निरंतर लगी हुई है। हमने जनवरी माह में 13-18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का टीकाकरण करना भी शुरू कर दिया है।

आशा है, हमारे सभी कर्मियों और उनके परिवारजन ने वैक्सीन लगवा ली होगी। जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं ली है वे यथाशीघ्र ले लें। वैक्सीन से हम खुद को, अपने परिवार को और अपने देश को सुरक्षित रख सकते हैं। सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें, स्वस्थ रहें, प्रसन्न रहें।

आज, जब हम अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के तले राष्ट्रीय महोत्सव मना रहे हैं, यह झंडा हमें हमारे पुनीत कर्तव्यों की याद दिलाता है कि हम मनसा, वाचा, कर्मणा 'जन, गण, मन' के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। आप मेरी इस बात से अवश्य सहमत होंगे कि भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के हम सभी कर्मीगण अपना यह राष्ट्रीय दायित्व बखूबी निभायेंगे। अंत में मैं, सभी साथी निदेशकगणों, कामगार भाइयों, पर्यवेक्षकों, अधिकारियों, श्रमिक संघ के नेतागण और टीम वेकोलि के सभी अंशधारकों, जिन्होंने वेकोलि को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया है, सभी को धन्यवाद देता हूँ और एक बार फिर सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

वर्ष 2022, वेकोलि परिवार के सभी सदस्यों के जीवन में सुख, समृद्धि तथा शांति की सौगात लाए, यही हमारी शुभकामना है।

जय हिन्द !

नागपुर
दिनांक : 26 जनवरी, 2022

(मनोज कुमार)

@TeamWCL WCL NEWS

# गणतंत्र दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री मनोज कुमार

## का

# संदेश

## 26 जनवरी, 2022

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

हमारे साथी निदेशकगण, श्रमिक संघों के माननीय प्रतिनिधि, आदरणीय महिलाएं, TEAM WCL के प्यारे साथियों, मीडिया के प्रतिनिधि और प्यारे बच्चों!

सर्वप्रथम आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

साथियों, राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के अवसर पर आपसे दूसरी बार मुखातिब होते हुए मुझे अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। इस दिन का हमारे जीवन में अति विशिष्ट महत्व है। जैसा कि आप जानते हैं, आजादी के बाद 26 जनवरी, 1950 को हमारे देश ने अपना संविधान लागू किया था। आज न केवल भारत, अपितु सारा संसार इस बात का साक्षी है कि इन 72 वर्षों की अवधि के दौरान हमारी लोकतंत्रिक जड़ें और भी मजबूत हुई हैं। आज हम अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद विकासशील देशों की पंक्ति में अग्रिम हैं और हमने वैश्विक स्तर पर नए मानदंड स्थापित किये हैं। गत सात दशकों में हमारे सामने देश की एक अलग तस्वीर उभरी है। संचार क्रांति, परिवहन संरचना और अनेक नई तकनीकों के विकास ने आम आदमी के जीवन स्तर को ऊपर उठाया है। इन सब के बीच, कोयला सदैव से ही एक मुख्य ऊर्जा स्रोत की भूमिका अदा करता रहा है और परिणामस्वरूप देश भर में कोयले की मांग में अच्छी खासी वृद्धि हुई है।

साथियों, जैसा कि आपको विदित है कि गत वर्ष यानी 01 जनवरी, 2021 को मैंने अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया था। इस एक वर्ष और 26 दिनों में TEAM WCL ने कोरोना और बारूद की किल्लत के बावजूद अभूतपूर्व परिणाम हासिल किये हैं। मुझे इस मंच से यह बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि इस वित्तीय वर्ष में हमने 19 जनवरी, 2022 तक 37.81 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है जो पिछले साल से 17.1% अधिक है, हमने 49.45 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है जो पिछले साल से 35.6 % अधिक है और हमने 207.89 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डन रिमूवल किया है जो पिछले साल की तुलना में 13.5 % अधिक है। कोयला उत्पादन, प्रेषण और ओवर बर्डन रिमूवल के ये आंकड़ें पिछले किसी भी वित्तीय वर्ष के अब तक की उपलब्धि से बेहतर हैं। ये परिणाम, आपके देश के प्रति प्रेम और उसकी प्रगति में आपके परिश्रम और जुनूनी ज़ज्बे की कहानी कहते हैं। ये वृद्धि जो आपने दर्ज की है, वह सरल नहीं है। TEAM WCL अनेक परिवारों का एक वृहद् परिवार है और इस उपलब्धि में प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य की सहभागिता रही है।

दोस्तों, मैं, समय-समय पर जब खदानों में जाता हूँ तो देखता हूँ कि हमारी टीम में अद्भुत कार्य-क्षमता है, कंपनी के प्रति आपके उत्साह, समर्पण और प्रतिबद्धता को मैं दिल से नमन करता हूँ। मेरा मानना है कि यदि हमारी श्रमशक्ति की अंतिम कड़ी तक के सदस्य पर ध्यान दिया जाए और उन्हें उनका महत्त्व बताकर जागरूक किया जाये तो हम किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं और हमारा यही उत्साह कंपनी के खजाने को मजबूती प्रदान करता है, उसी का सुखद परिणाम है कि इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही के वित्तीय आंकड़ें हमें हर्षित करते हैं। इस छमाही में हमारा PBT 333.35 करोड़ रहा जो कि गत वित्तीय वर्ष की इस अवधि में -125.72 करोड़ था और इस अवधि का Operational Profit 171.7 करोड़ रहा जो कि गत वर्ष की इस अवधि में -346.98 करोड़ था। यह वित्तीय लाभ आप सब के परिश्रम का फल है। दोस्तों, इस साल TEAM WCL ने अब तक 11.7 मिलियन टन का Stock liquidation का नया इतिहास रचा है।

सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है और उसी का प्रतिफल है कि वेकोलि की 08 खदानों को (Ballarpur 3 & 4 Pit, NMOC-2(A) Mine, Shobhapur UG Mine, DRC UG Mine (दो बार 2019 एवं 2020 में), Silewara UG Mine, Chhattarpur-1, Tawa-2 और Bhanegoan OCM को सुरक्षा के लिए 2017 से 2020 तक कुल 09 पुरस्कारों से नवाजा जाएगा, यह TEAM WCL के लिए गौरव की बात है।

आज वेकोलि नई टेक्नोलॉजी को ग्रहण करने की दिशा में अग्रसर है, जिनमें Blast-Free Mining Technology के अंतर्गत Continuous Miner और Surface Miner का Introduction, Hydraulic Telescopic Ladders, Universal Equipment Simulator, Terrestrial Laser Scanner और Portable Gas Chromatograph प्रमुख हैं। पाथाखेड़ा क्षेत्र के तवा-2 खदान में Continuous Miner लगाकर भूमिगत खदानों में Mass Production Technology के एक नए अध्याय की शुरूआत हो गई है और बहुत जल्द ही छत्तरपुर और तवा खदान में Continuous Miner से प्रोड्क्शन होगा जिनके work order issue हो गए हैं। भूमिगत खदानों से उत्पादन एवं सुरक्षा में वृद्धि हेतु अगले 07 वर्षों में WCL में 15 Continuous Miner लगाने की योजना है।

इस मंच से मैं आपके साथ कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा करना चाहता हूँ। हमारे कुछ प्रोजेक्ट जो कई वर्षों से लंबित थे जिन्हें हमने प्रारम्भ किया। Dhuptala OC प्रोजेक्ट जोकि वर्षों से लंबित था, NTPC, MAHAGENCO और MPPGCL के साथ करार करने के पश्चात् अब Production करने को तैयार है। Durgapur OC के लिए 121 हेक्टेयर जंगल की जमीन का FC-II मिला, जिससे इस खदान को नया जीवनदान मिला है। Hindustan Lalpeth में लम्बे समय से कोयला उत्पादन बंद था। आप सभी के सतत प्रयासों से इसका पुनः क्रियान्वयन संभव हुआ है। आज हमें गर्व है कि हम अपने निर्धारित लक्ष्य का 1.3 गुणा Crushing और Transport के संसाधन विकसित करने में सफल हुए हैं।

First Mile connectivity के जरिए बिना Road Transport के SILO और Rail Dispatch से कोयला प्रेषित कर Environment Freindly (पर्यावरण हितैषी) दिशा में हमने काफी महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दिनेश (MKD-III) में कार्य शुरू हो चुका है और मुंगोली में जल्द ही कार्य शुरू होने की संभावना है।

इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर मैं, TEAM WCL से आह्वान करता हूँ कि इस वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया द्वारा दिये गए निर्धारित लक्ष्यों 61.13 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 67 मिलियन टन कोयला प्रेषण और 280 मिलियन क्यूबिक मीटर OBR को प्राप्त करने के लिए अपनी कमर कस लें। हमारी मेहनत Asking rate को Achive करने में रंग लाएगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

साथियों, मैं देश की ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप कोयला उत्पादन में तत्पर आप सभी की कर्मठता की सराहना करते हुए, आपका ध्यान उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर आकृष्ट करना चाहता हूँ। हमें कोयले की गुणवत्ता पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

हमने पर्यावरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपने इस साल के पौधा रोपण के लक्ष्य 4.25 लाख को नवंबर माह में ही प्राप्त कर लिया है और अब तक हमने 4.30 लाख पौधा रोपण किया है जोकि अपने लक्ष्य का 101% है। यह सुखद संकेत है। इसके अलावा हमने Fogging Machine, Mist Spray, Sweeping Machine और CAAQMS की संख्या बढ़ाने की दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ाएं हैं। पर्यावरण के हित में हमने MAHAGENCO के Pipe Conveyar के जरिये भटाडी खदान से कोयला प्रेषण करना शुरू भी कर दिया है। सावनेर और इंदौरा स्थित ईको पार्क की तर्ज पर पेंच क्षेत्र में ईको पार्क बनाये जाने की ओर भी हम अग्रसर हैं।

साथियों, इस वित्तीय वर्ष में ही कंपनी ने कोरोना काल में ऑक्सीजन की किल्लत के चलते अपने अधिकार क्षेत्रों में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए CSR मद में कम्पनी ने GMCH, MAYO, AIIMS और चंद्रपुर जिले के अस्पताल के लिए 15.38 करोड़ रूपये प्रदान किये। इसके अलावा कोविड की आवश्यक तैयारियों के लिए बैतूल और छिंदवाड़ा जिला प्रशासन को 25-25 लाख रूपये प्रदान किये गये। साथ ही, कोविड संक्रमण से बचाव के लिए कंपनी के सभी क्षेत्रों को 10-10 लाख रूपये दिए गये। इस तरह, कुल 16.88 करोड़ रूपये CSR मद में वितरित किये गये। आजादी के अमृत महोत्सव (75 वर्ष) के उपलक्ष में 75 RO Purifier का नागपुर के आस-पास के विद्यालयों में जल्द ही Installation किया जाएगा। इसके आलावा CSR के अंतर्गत 06 नए RO plant Install करने के लिए Work Order issue हो चुका है।

साथियों, मैंने पिछली 26 जनवरी (यानि 26.01.2021) को लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए Mission SEHAT लांच किया था। SEHAT यानी Sanitation Improvement, Effluent Treatment, Hospital Up gradation, Ambulance Up gradation तथा Treatment Standard Improvement शामिल था। यह सुधार आप अपने आस-पास देख भी रहे हैं। हमने Mission SEHAT के लिए इस साल 71 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। Mission SEHAT के अंतर्गत सभी क्षेत्रों के विभिन्न Colonies में Roof Treatment, Roads और Drain का Repair, Electrical Repair, Water Treatment Plant Repair, Hospitals एवं Dispensaries up gradation और AMC शामिल हैं, जिसमें कार्य प्रगति पर है। 27 नए डॉक्टरों की भर्ती की गई है। 58 $O_2$ Concentrator purchase किये गए हैं और सभी एरिया हॉस्पिटल में वितरित किये गए हैं। 20 BiPAP का Supply Order issue हो गया है। गत वर्ष ही हमने मुख्यालय में कॉल सेंटर स्थापित किया था जो सभी क्षेत्रों से जुड़ा है और आपकी एक कॉल पर आपकी समस्या के निराकरण की हमारी टीम की कोशिश लगातार रहती है।

इसी प्रकार Mission MUDRA जो मैंने 15 मार्च, 2021 को लांच किया था। MUDRA यानि Monetisation of Unused Land, Dumps and Residual Assets पर भी हमें काफी काम करना है और अब तक हमने 102 हेक्टेयर